Series **WX1YZ/C**

**SET~3**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **30/C/3**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# गणित (मानक)

# MATHEMATICS (STANDARD)

*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 80*

**नोट / NOTE :**

*(i)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* ***23*** *हैं ।*
*Please check that this question paper contains* ***23*** *printed pages.*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
*Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*

*(iii)* *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* ***38*** *प्रश्न हैं ।*
*Please check that this question paper contains* ***38*** *questions.*

*(iv)* *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।*
***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
*15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

*सामान्य निर्देश :*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

(i) *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

(iii) ***खण्ड क** में प्रश्न संख्या **1** से **18** तक बहुविकल्पीय (MCQ) तथा प्रश्न संख्या **19** एवं **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित **एक-एक** अंक के प्रश्न हैं ।*

(iv) ***खण्ड ख** में प्रश्न संख्या **21** से **25** तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के **दो-दो** अंकों के प्रश्न हैं ।*

(v) ***खण्ड ग** में प्रश्न संख्या **26** से **31** तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के **तीन-तीन** अंकों के प्रश्न हैं ।*

(vi) ***खण्ड घ** में प्रश्न संख्या **32** से **35** तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के **पाँच-पाँच** अंकों के प्रश्न हैं ।*

(vii) ***खण्ड ङ** में प्रश्न संख्या **36** से **38** तक प्रकरण अध्ययन आधारित **चार-चार** अंकों के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रकरण अध्ययन में आंतरिक विकल्प **दो-दो** अंकों के प्रश्न में दिया गया है ।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 2 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 3 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

(ix) *जहाँ आवश्यक हो स्वच्छ आकृतियाँ बनाइए । जहाँ आवश्यक हो* $\pi = \frac{22}{7}$ *लीजिए, यदि अन्यथा न दिया गया हो ।*

(x) *कैल्कुलेटर का उपयोग **वर्जित** है ।*

## खण्ड क

*इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

**1.** k का/के मान जिसके/जिनके लिए समीकरण $2x^2 - kx + 1 = 0$ के मूल वास्तविक और बराबर हैं, है/हैं :

(a) $2\sqrt{2}$ (b) $-2\sqrt{2}$

(c) $\pm 2\sqrt{2}$ (d) 2

**2.** आलेखीय रूप से, रैखिक समीकरण युग्म $3x - y + 8 = 0$ और $3x - y = 24$, दो ऐसी रेखाओं को निरूपित करता है, जो :

(a) एक दूसरे को ठीक एक बिन्दु पर काटती हैं

(b) एक दूसरे को ठीक दो बिन्दुओं पर काटती हैं

(c) संपाती हैं

(d) समांतर हैं

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper is divided into **five** Sections – **A**, **B, C, D** and **E**.*

*(iii)* *In **Section A,** Questions no. **1** to **18** are multiple choice questions (MCQs) and questions number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

*(iv)* *In **Section B,** Questions no. **21** to **25** are very short answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

*(v)* *In **Section C,** Questions no. **26** to **31** are short answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

*(vi)* *In **Section D,** Questions no. **32** to **35** are long answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

*(vii)* *In **Section E,** Questions no. **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each. Internal choice is provided in **2** marks questions in each case-study.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 2 questions in Section C, 2 questions in Section D and 3 questions in Section E.*

*(ix)* *Draw neat diagrams wherever required. Take* $\pi = \frac{22}{7}$ *wherever required, if not stated.*

*(x)* *Use of calculators is **not** allowed.*

## SECTION A

*This section comprises multiple choice questions (MCQs) of 1 mark each.*

**1.** The value(s) of k for which the equation $2x^2 - kx + 1 = 0$ has real and equal roots is/are :

(a) $2\sqrt{2}$ (b) $-2\sqrt{2}$

(c) $\pm 2\sqrt{2}$ (d) 2

**2.** Graphically, the pair of linear equations $3x - y + 8 = 0$ and $3x - y = 24$ represents two lines which are :

(a) intersecting exactly at one point

(b) intersecting exactly at two points

(c) coincident

(d) parallel

3. आनुभविक संबंध का उपयोग करने पर एक बंटन, जिसका माध्य 7·2 और माध्यक 7·1 है, का बहुलक होगा :

(a) 6·2 (b) 6·3

(c) 6·5 (d) 6·9

4. बहुपद $3x^2 + 11x - 4$ के शून्यक हैं :

(a) $\frac{1}{2}, -4$ (b) $\frac{1}{4}, -3$

(c) $\frac{1}{3}, -4$ (d) $\frac{1}{3}, 4$

5. बिन्दु (4, 7) की x-अक्ष से दूरी है :

(a) 7 इकाई (b) 5 इकाई

(c) 4 इकाई (d) 10 इकाई

6. यदि $x + 1$, $3x$ तथा $4x + 2$ एक A.P. के तीन क्रमागत पद हैं, तो x का मान है :

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

7. $(\sec^2 \theta - 1)(1 - \operatorname{cosec}^2 \theta)$ बराबर है :

(a) 1 (b) $-1$

(c) 2 (d) $-2$

8. दो बच्चों के एक परिवार में कम-से-कम एक लड़की के होने की प्रायिकता है :

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) $\frac{1}{4}$

3. Using empirical relationship, the mode of a distribution whose mean is 7·2 and the median 7·1, is :

(a) 6·2 (b) 6·3

(c) 6·5 (d) 6·9

4. The zeroes of the polynomial $3x^2 + 11x - 4$ are :

(a) $\frac{1}{2}, -4$ (b) $\frac{1}{4}, -3$

(c) $\frac{1}{3}, -4$ (d) $\frac{1}{3}, 4$

5. The distance of the point (4, 7) from the x-axis is :

(a) 7 units (b) 5 units

(c) 4 units (d) 10 units

6. If $x + 1$, $3x$ and $4x + 2$ are three consecutive terms of an A.P., then the value of x is :

(a) 2 (b) 3

(c) 4 (d) 5

7. $(\sec^2 \theta - 1)(1 - \text{cosec}^2 \theta)$ is equal to :

(a) 1 (b) $-1$


(c) 2 (d) $-2$

8. In a family of two children, the probability of having at least one girl is :

(a) $\frac{1}{2}$ (b) $\frac{2}{5}$

(c) $\frac{3}{4}$ (d) $\frac{1}{4}$

9. दी गई आकृति में, DE ∥ BC और सभी माप cm में दिए हैं । AE की लम्बाई है :




(a) 2 cm (b) 2·25 cm

(c) 2·5 cm (d) 2·75 cm

10. त्रिज्या 7 cm के एक वृत्त पर, बिन्दु P जो वृत्त के केन्द्र से 25 cm की दूरी पर स्थित है, से डाली गई स्पर्श-रेखा की लम्बाई होगी :

(a) 22 cm (b) 24 cm

(c) 25 cm (d) 28 cm

11. एक 10 m लंबे ऊर्ध्वाधर खंभे की भूमि पर पड़ने वाली छाया की लम्बाई 5 m है । उसी समय में, एक मीनार की भूमि पर पड़ने वाली छाया की लम्बाई 12·5 m है । मीनार की ऊँचाई है :

(a) 20 m (b) 22 m


(c) 25 m (d) 24 m

12. यदि बिन्दुओं A(– 2, 8) और B(– 6, – 4) को जोड़ने वाले रेखा-खण्ड का मध्य-बिन्दु P है, तो P के निर्देशांक हैं :

(a) (– 4, 2) (b) (2, – 4)

(c) (6, 8) (d) (– 6, 8)

9. In the given figure, DE || BC and all measurements are given in centimetres. The length of AE is :




(a) 2 cm (b) 2·25 cm

(c) 2·5 cm (d) 2·75 cm

10. The length of the tangent drawn from a point P, whose distance from the centre of a circle is 25 cm, and the radius of the circle is 7 cm, is :

(a) 22 cm (b) 24 cm

(c) 25 cm (d) 28 cm

11. A vertical pole 10 m long casts a shadow of length 5 m on the ground. At the same time, a tower casts a shadow of length 12·5 m on the ground. The height of the tower is :

(a) 20 m (b) 22 m

(c) 25 m (d) 24 m

12. If P is the mid-point of the line segment forming the points A(– 2, 8) and B(– 6, – 4), then the coordinates of P are :

(a) (– 4, 2) (b) (2, – 4)

(c) (6, 8) (d) (– 6, 8)

**13.** यदि अंग्रेजी वर्णमाला का एक अक्षर यादृच्छिक रूप से चुना जाता है, तो इस अक्षर के व्यंजन होने की प्रायिकता होगी :

(a) $\frac{5}{26}$ (b) $\frac{21}{26}$

(c) $\frac{10}{13}$ (d) $\frac{11}{13}$

**14.** एक मीनार की ऊँचाई 20 m है । जब सूर्य का उन्नतांश 60° है, तो भूमि पर बनी मीनार की छाया की लम्बाई है :

(a) $\frac{20}{\sqrt{3}}$ m (b) $\frac{20}{3}$ m


(c) $20\sqrt{3}$ m (d) 20 m

**15.** त्रिज्या 7 cm के केन्द्र O वाले वृत्त का एक चतुर्थांश OACB है जहाँ ACB वृत्त की चाप है । इस चतुर्थांश की परिधि है :

(a) 15 cm (b) 50 cm

(c) 25 cm (d) 44 cm

**16.** आकृति में, केन्द्र O वाले वृत्त पर PA और PB दो स्पर्श-रेखाएँ इस प्रकार हैं कि $\angle$ APB = 50° है । तब $\angle$ OAB की माप है :




(a) 25° (b) 50°

(c) 75° (d) 100°

13. If a letter of English alphabet is chosen at random, then the probability of this letter to be a consonant is :

(a) $\frac{5}{26}$ (b) $\frac{21}{26}$

(c) $\frac{10}{13}$ (d) $\frac{11}{13}$

14. The height of a tower is 20 m. The length of its shadow made on the level ground when the Sun's altitude is 60°, is :

(a) $\frac{20}{\sqrt{3}}$ m (b) $\frac{20}{3}$ m


(c) $20\sqrt{3}$ m (d) 20 m

15. OACB is a quadrant of a circle with centre O and radius 7 cm where ACB is the arc. Then the perimeter of the quadrant is :

(a) 15 cm (b) 50 cm

(c) 25 cm (d) 44 cm

16. In the figure, PA and PB are two tangents to the circle with centre O such that $\angle$ APB = 50°. Then, the measure of $\angle$ OAB is :




(a) 25° (b) 50°

(c) 75° (d) 100°

**17.** यदि एक साइकिल का पहिया 11 km की दूरी तय करने में 5000 चक्कर लगाता है, तो पहिए का व्यास है :

(a) 65 cm (b) 35 cm

(c) 70 cm (d) 50 cm

**18.** संख्याओं 1, 2, 3 में से एक संख्या चुनी जाती है और उसे x से निरूपित किया जाता है और संख्याओं 1, 4, 9 में से एक संख्या चुनी जाती है जिसे y से निरूपित किया जाता है । तब $P(xy < 9)$ है :

(a) $\frac{1}{9}$ (b) $\frac{3}{9}$

(c) $\frac{5}{9}$ (d) $\frac{7}{9}$

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का 1 अंक है । दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (a), (b), (c) और (d) में से चुनकर दीजिए ।*

(a) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(b) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(c) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है ।

(d) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

**19.** *अभिकथन (A) :* एक निष्पक्ष पासा एक बार फेंका जाता है । एक अभाज्य संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता $\frac{1}{2}$ है ।

*तर्क (R) :* एक प्राकृत संख्या, अभाज्य संख्या होती है यदि इस संख्या के केवल दो गुणनखण्ड हों ।

**20.** *अभिकथन (A) :* दो खिलाड़ी, सानिया और अशनाम एक टेनिस मैच खेलते हैं । सानिया के मैच जीतने की प्रायिकता 0·79 है और अशनाम के मैच जीतने की प्रायिकता 0·21 है ।

*तर्क (R) :* दो पूरक घटनाओं की प्रायिकताओं का योगफल 1 होता है ।

**17.** If a bicycle wheel makes 5000 revolutions in moving 11 km, then the diameter of the wheel is :

(a) 65 cm  (b) 35 cm

(c) 70 cm  (d) 50 cm

**18.** A number is chosen from the numbers 1, 2, 3 and denoted as x, and a number is chosen from the numbers 1, 4, 9 and denoted as y. Then $P(xy < 9)$ is :

(a) $\frac{1}{9}$  (b) $\frac{3}{9}$

(c) $\frac{5}{9}$  (d) $\frac{7}{9}$

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions carrying 1 mark each. Two statements are given, one labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R). Select the correct answer to these questions from the codes (a), (b), (c) and (d) as given below.*

(a) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(b) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(c) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(d) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

**19.** *Assertion (A) :* A fair die is thrown once. The probability of getting a prime number is $\frac{1}{2}$.

*Reason (R) :* A natural number is a prime number if it has only two factors.


**20.** *Assertion (A) :* Two players, Sania and Ashnam play a tennis match. The probability of Sania winning the match is 0·79 and that of Ashnam winning the match is 0·21.

*Reason (R) :* The sum of probabilities of two complementary events is 1.

## खण्ड ख

*इस खण्ड में अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 2 अंक हैं ।*

**21.** दी गई आकृति में, $AB \perp BC$ तथा $DE \perp AC$ है । सिद्ध कीजिए कि $\Delta ABC \sim \Delta AED$ ।





**22.** (क) यदि यह दिया हुआ है कि $\sqrt{2}$ एक अपरिमेय संख्या है, तो सिद्ध कीजिए कि $(5 - 2\sqrt{2})$ एक अपरिमेय संख्या है ।

**अथवा**

(ख) जाँच कीजिए कि क्या किसी प्राकृत संख्या n के लिए, संख्या $6^n$, अंक 0 पर समाप्त हो सकती है ।

**23.** एक वृत्त बिन्दु P पर एक त्रिभुज ABC की भुजा BC को छू रहा है और क्रमश: बिन्दुओं Q और R में बढ़ाई गई भुजाओं AB और AC को छू रहा है ।


सिद्ध कीजिए कि $AQ = \frac{1}{2}$ ($\Delta$ ABC का परिमाप) ।



## SECTION B

*This section comprises very short answer (VSA) type questions of 2 marks each.*

**21.** In the given figure, AB ⊥ BC and DE ⊥ AC. Prove that Δ ABC ~ Δ AED.





**22.** (a) If $\sqrt{2}$ is given as an irrational number, then prove that $(5 - 2\sqrt{2})$ is an irrational number.

**OR**

(b) Check whether $6^n$ can end with the digit 0 for any natural number n.

**23.** A circle is touching the side BC of a Δ ABC at the point P and touching AB and AC produced at points Q and R respectively.

Prove that AQ = $\frac{1}{2}$ (Perimeter of Δ ABC).



**24.** ज्ञात कीजिए कि बिन्दुओं $(-3, 10)$ और $(6, -8)$ को जोड़ने वाले रेखा-खण्ड को बिन्दु $(-1, k)$ किस अनुपात में विभाजित करता है । अत:, k का मान ज्ञात कीजिए ।

**25.** (क) दर्शाइए कि चार बिन्दु $A(0, -1)$, $B(6, 7)$, $C(-2, 3)$ और $D(8, 3)$ एक आयत ABCD के शीर्ष हैं ।

**अथवा**

(ख) दर्शाइए कि बिन्दु $A(6, 4)$, $B(5, -2)$ तथा $C(7, -2)$ एक समद्विबाहु त्रिभुज के शीर्ष हैं । बिन्दु A से गुज़रने वाली माध्यिका की लम्बाई भी ज्ञात कीजिए ।

## खण्ड ग

*इस खण्ड में लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं ।*

**26.** ग्राफीय विधि से निम्न समीकरण-युग्म को हल कीजिए :

$$x + 3y = 6, \; 2x - 3y = 12$$

y-अक्ष और इन रेखाओं से बने त्रिभुज का क्षेत्रफल भी ज्ञात कीजिए ।

**27.** तीन क्रमागत विषम संख्याएँ ऐसी हैं कि पहली दो संख्याओं के वर्गों का योगफल तीसरी संख्या के वर्ग से 65 अधिक है । संख्याएँ ज्ञात कीजिए ।

**28.** एक पिता की आयु अपने दो बच्चों की आयुओं के योगफल की दो गुना है । 20 वर्ष पश्चात्, उसकी आयु दोनों बच्चों की आयुओं के योगफल के बराबर होगी । पिता की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए ।

**29.** (क) 6 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के लघु और दीर्घ त्रिज्यखण्डों का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, यदि लघु चाप द्वारा केंद्र पर अंतरित कोण $60°$ है ।

($\pi = 3{\cdot}14$ का प्रयोग कीजिए)

**अथवा**

(ख) यदि 10 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त की कोई जीवा केन्द्र पर $60°$ का कोण अंतरित करती है, तो संगत लघु वृत्तखण्ड का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए ।

($\pi = 3{\cdot}14$ और $\sqrt{3} = 1{\cdot}73$ का प्रयोग कीजिए)

24. Find the ratio in which the point (– 1, k) divides the line segment joining the points (– 3, 10) and (6, – 8). Hence, find the value of k.

25. (a) Show that the four points A(0, –1), B(6, 7), C(– 2, 3) and D(8, 3) are the vertices of a rectangle ABCD.

**OR**

(b) Show that the points A(6, 4), B(5, –2) and C(7, –2) are the vertices of an isosceles triangle. Also, find the length of the median through point A.

## SECTION C

*This section comprises of short answer (SA) type questions of 3 marks each.*

26. Solve the following pair of equations graphically :

$$x + 3y = 6, \quad 2x - 3y = 12$$

Also, find the area of the triangle formed by the lines representing the equations with y-axis.

27. Three consecutive odd numbers are such that the sum of the squares of the first two numbers is greater than the square of the third by 65. Find the numbers.

28. The age of the father is twice the sum of the ages of his two children. After 20 years, his age will be equal to the sum of the ages of his children. Find the present age of the father.

29. (a) Find the area of the minor and the major sectors of a circle with radius 6 cm, if the angle subtended by the minor arc at the centre is 60°. (Use $\pi = 3{\cdot}14$)

**OR**

(b) If a chord of a circle of radius 10 cm subtends an angle of 60° at the centre of the circle, find the area of the corresponding minor segment of the circle. (Use $\pi = 3{\cdot}14$ and $\sqrt{3} = 1{\cdot}73$ )

**30.** आधारभूत समानुपातिकता प्रमेय का कथन लिखिए और इसे सिद्ध कीजिए ।

**31.** (क) 50 और 500 के बीच के सभी पूर्णांकों, जो 7 से भाज्य हैं, का योगफल ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(ख) 10 और 300 के बीच ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जो 4 से भाग करने पर शेष 3 देती हैं ? इन संख्याओं का योगफल भी ज्ञात कीजिए ।

## खण्ड घ

*इस खण्ड में दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 5 अंक हैं ।*

**32.** एक स्कूल के दसवीं कक्षा की 50 छात्राओं की ऊँचाई (cm में) का सर्वेक्षण किया गया और संबंधित निम्नलिखित आँकड़े प्राप्त हुए :

| ऊँचाई (cm में) | छात्राओं की संख्या |
|---|---|
| 120 – 130 | 2 |
| 130 – 140 | 8 |
| 140 – 150 | 12 |
| 150 – 160 | 20 |
| 160 – 170 | 8 |
| कुल | 50 |

उपर्युक्त आँकड़ों का माध्य और बहुलक ज्ञात कीजिए ।

**33.** (क) एक तंबू 3 m की ऊँचाई तक एक लंब-वृत्तीय बेलन के आकार का है और फिर भूमि के ऊपर 13·5 m की अधिकतम ऊँचाई के साथ लंब-वृत्तीय शंकु बन जाता है । यदि आधार की त्रिज्या 14 m है, तो ₹ 2 प्रति वर्ग मीटर की दर से तंबू के भीतरी भाग को पेंट कराने की लागत ज्ञात कीजिए ।

**अथवा**

(ख) एक ठोस लकड़ी का खिलौना एक लंब-वृत्तीय शंकु के आकार का है जो उसी त्रिज्या के एक अर्धगोले पर अध्यारोपित है । यदि अर्धगोले की त्रिज्या 4·2 cm तथा खिलौने की कुल ऊँचाई 10·2 cm है, तो लकड़ी के खिलौने का आयतन ज्ञात कीजिए । इस खिलौने का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल भी ज्ञात कीजिए ।

**30.** State and prove Basic Proportionality theorem.

**31.** (a) Find the sum of all integers between 50 and 500, which are divisible by 7.

**OR**

(b) How many numbers lie between 10 and 300, which when divided by 4 leave a remainder 3 ? Also, find their sum.

## SECTION D

*This section comprises long answer (LA) type questions of 5 marks each.*

**32.** A survey regarding the heights (in cm) of 50 girls of class X of a school was conducted and the following data was obtained :

| Height (in cm) | Number of girls |
|---|---|
| 120 – 130 | 2 |
| 130 – 140 | 8 |
| 140 – 150 | 12 |
| 150 – 160 | 20 |
| 160 – 170 | 8 |
| Total | 50 |

Find the mean and mode of the above data.

**33.** (a) A tent is in the shape of a right circular cylinder up to a height of 3 m and then a right circular cone, with a maximum height of 13·5 m above the ground. Calculate the cost of painting the inner side of the tent at the rate of ₹ 2 per square metre, if the radius of the base is 14 m.

**OR**

(b) A solid wooden toy is in the shape of a right circular cone mounted on a hemisphere of same radius. If the radius of the hemisphere is 4·2 cm and the total height of the toy is 10·2 cm, find the volume of the wooden toy. Also, find the total surface area of the toy.

**34.** 50 m ऊँची मीनार के शिखर से एक खंभे के शिखर और तल के अवनमन कोण क्रमश: 45° और 60° हैं । यदि मीनार और खंभा एक ही तल पर हों, तो खंभे की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । ($\frac{1}{\sqrt{3}}$ = 0·577 का प्रयोग कीजिए)

**35.** (क) यदि tan θ + sin θ = m और tan θ – sin θ = n है, तो दर्शाइए कि $(m^2 - n^2) = 4\sqrt{mn}$ है ।

**अथवा**

(ख) यदि एक न्यून कोण त्रिभुज ABC में,

$$\sec(B + C - A) = 2 \text{ और } \tan(C + A - B) = \frac{1}{\sqrt{3}}$$

हैं, तो Δ ABC के तीनों कोण ज्ञात कीजिए ।

## खण्ड ङ

*इस खण्ड में 3 प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं ।*

### प्रकरण अध्ययन – 1

**36.** 14 फरवरी को इंटरनेशनल बुक गिविंग डे के रूप में मनाया जाता है और दुनिया के कई देश इस दिन को मनाते हैं । भारत में भी कुछ लोगों ने इस दिन को मनाना शुरू किया और एक सार्वजनिक पुस्तकालय को निम्नलिखित संख्या में कुछ विषयों की पुस्तकें दान कीं :

इतिहास = 96, विज्ञान = 240, गणित = 336

इन पुस्तकों को कम-से-कम ढेरों में इस प्रकार व्यवस्थित करना है कि प्रत्येक ढेर में केवल एक विषय की पुस्तकें हों और प्रत्येक ढेर पर पुस्तकों की संख्या समान हो ।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) प्रत्येक ढेर में कितनी किताबें व्यवस्थित हैं ? *1*

(ii) गणित की सभी पुस्तकों को व्यवस्थित करने के लिए कितने ढेरों का उपयोग किया जाता है ? *1*

(iii) (क) सभी पुस्तकों को व्यवस्थित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले ढेरों की कुल संख्या निर्धारित कीजिए । *2*

**अथवा**

**34.** From the top of a tower 50 m high, the angles of depression of the top and bottom of a pole are observed to be 45° and 60° respectively. Find the height of the pole, if the pole and the tower stand on the same plane.

(Use $\frac{1}{\sqrt{3}} = 0{\cdot}577$)

**35.** (a) If $\tan\theta + \sin\theta = m$ and $\tan\theta - \sin\theta = n$, then show that $(m^2 - n^2) = 4\sqrt{mn}$.

**OR**

(b) If in an acute angle $\Delta$ ABC,

$$\sec(B + C - A) = 2 \text{ and } \tan(C + A - B) = \frac{1}{\sqrt{3}};$$

find the three angles of $\Delta$ ABC.

## SECTION E

*This section comprises 3 case study based questions of 4 marks each.*

### Case Study – 1

**36.** February 14 is celebrated as International Book Giving Day and many countries in the world celebrate this day. Some people in India also started celebrating this day and donated the following number of books of various subjects to a public library :

History = 96, Science = 240, Mathematics = 336.

These books have to be arranged in minimum number of stacks such that each stack contains books of only one subject and the number of books on each stack is the same.

Based on the above information, answer the following questions :

(i) How many books are arranged in each stack ? *1*

(ii) How many stacks are used to arrange all the Mathematics books ? *1*


(iii) (a) Determine the total number of stacks that will be used for arranging all the books. *2*

**OR**

(iii) (ख) यदि इतिहास, विज्ञान और गणित की प्रत्येक पुस्तक की मोटाई क्रमश: 1·8 cm, 2·2 cm और 2·5 cm है, तो इतिहास, विज्ञान और गणित की पुस्तकों के प्रत्येक ढेर की ऊँचाई ज्ञात कीजिए । *2*

**प्रकरण अध्ययन – 2**

**37.** एक पार्क में चार खंभे एक वृत्ताकार फव्वारे के चारों ओर A, B, C और D की स्थिति में इस प्रकार खड़े होते हैं कि खंभे AB, BC, CD और DA में लगने वाला कपड़ा क्रमश: P, Q, R और S पर वृत्ताकार फव्वारे को छूता है जैसा कि चित्र में दिखाया गया है ।






उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) यदि वृत्ताकार फव्वारे का केन्द्र O है, तो $\angle$ OSA का माप ज्ञात कीजिए । *1*

(ii) यदि AB = AD हो, तो ABCD आकृति का नाम लिखिए । *1*

(iii) (क) यदि DR = 7 cm और AD = 11 cm है, तो AP की लम्बाई ज्ञात कीजिए । *2*


**अथवा**

(iii) (ख) यदि वृत्ताकार फव्वारे का केन्द्र O है और $\angle$ QCR = 60° है, तो $\angle$ QOR का माप ज्ञात कीजिए । *2*

(iii) (b) If the thickness of each book of History, Science and Mathematics is 1·8 cm, 2·2 cm and 2·5 cm respectively, then find the height of each stack of History, Science and Mathematics books. *2*

## Case Study – 2

**37.** In a park, four poles are standing at positions A, B, C and D around the circular fountain such that the cloth joining the poles AB, BC, CD and DA touches the circular fountain at P, Q, R and S respectively as shown in the figure.






Based on the above information, answer the following questions :

(i) If O is the centre of the circular fountain, then $\angle$ OSA = ... *1*

(ii) If AB = AD, then write the name of the figure ABCD. *1*


(iii) (a) If DR = 7 cm and AD = 11 cm, then find the length of AP. *2*


**OR**

(iii) (b) If O is the centre of the circular fountain with $\angle$ QCR = 60°, then find the measure of $\angle$ QOR. *2*

## प्रकरण अध्ययन – 3

**38.** बगीचे में खेलते समय समायरा ने एक छत्ते को देखा और अपनी माँ से पूछा कि यह क्या है । उसकी माँ ने उत्तर दिया कि यह मधुमक्खियों द्वारा शहद जमा करने के लिए बनाया गया छत्ता है । साथ ही, उसने उसे बताया कि बनने वाले छत्ते की आकृति एक गणितीय संरचना है । छत्ते की गणितीय संरचना को ग्राफ में दिखाया गया है ।



उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) दिए गए ग्राफ द्वारा दर्शाए गए बहुपद के लिए कितने शून्यक हैं ? *1*

(ii) बहुपद के शून्यक लिखिए । *1*


(iii) (क) यदि बहुपद $x^2 + (a + 1)\,x + b$ के शून्यक 2 और – 3 हों, तो a और b के मान ज्ञात कीजिए । *2*


**अथवा**

(iii) (ख) यदि बहुपद $x^2 + px + 45$ के शून्यकों के अन्तर का वर्ग 144 है, तो p का मान ज्ञात कीजिए । *2*

## Case Study – 3

**38.** While playing in a garden, Samaira saw a honeycomb and asked her mother what is that. Her mother replied that it's a honeycomb made by honey bees to store honey. Also, she told her that the shape of the honeycomb formed is a mathematical structure. The mathematical representation of the honeycomb is shown in the graph.



Based on the above information, answer the following questions :

(i) How many zeroes are there for the polynomial represented by the graph given ? *1*

(ii) Write the zeroes of the polynomial. *1*

(iii) (a) If the zeroes of a polynomial $x^2 + (a + 1)x + b$ are 2 and – 3, then determine the values of a and b. *2*

**OR**

(iii) (b) If the square of difference of the zeroes of the polynomial $x^2 + px + 45$ is 144, then find the value of p. *2*